आधुनिक तॅलुगु कविता

प्रथम भाग

: सम्पादक :

डॉ. चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

आधुनिक तॅलुगु कविता

प्रथम भाग

प्रकाशक :
आंध्र प्रदेश साहित्य अकादमी
कला भवन,
हैदराबाद-४

मुद्रक :
हिन्दी प्रचार प्रेस
मद्रास-१७

प्रथम संस्करण
दिसम्बर, १९६९

मूल्य :
रु. ७-५०

अरुणोदय

आंध्र कविता साहित्य का यह हीरक-जयंती का वर्ष है। नवीन आंध्र कविता के गगन में यद्यपि सन् 1900 में डॉ. कट्टमंचि रामलिंग रॅड्डि जी के 'मुसलम्म मरणमु' के लघुकाव्य के साथ प्रथम प्रभात की रेखा फूटी तथापि 1909 में श्री रायप्रोलु सुब्बाराव जी के 'ललिता' के प्रकाशन और 1910 में श्री गुरजाड अप्पाराव जी के "मुत्यालसरालु" के आविष्कार के साथ अरुणोदय और सूर्योदय हुआ। इसीलिए 1909 से 1969 तक की कालावधि को दृष्टि में रखकर हीरक जयंती का वर्ष कहता हूँ।

इस प्रकार आधुनिक आंध्र कविता 60 वर्ष की उपज है। भाव-कवि, अभ्युदय कवि, अतियथार्थवादी कवि, गद्यगीत कवि आदि कृषकों ने इन साठ वर्षों में साहित्य क्षेत्र में स्वर्ण उपजाया। हिन्दी में छायावाद और रहस्यवाद के समान तॅलुगु में भाव कविता का आंदोलन चला। श्री रायप्रोलु के साथ यह आंदोलन पल्लवित हुआ और सर्वश्री अब्बूरि, वेंकटपार्वतीश्वर कवि, विश्वनाथ, कृष्णशास्त्री, बसवराजु, नंडूरि, दुव्वूरि प्रभृति कवियों के साथ विकसित और फलित हुआ। लगभग तीन दशकों तक तॅलुगु देश में भाव-कविता का आंदोलन चला। कुछ लोगों ने भाव-कविता को केवल प्रणय-कविता का पर्यायवाची भी मान लिया। किंतु वास्तविकता यह नहीं है। भाव-कविता उन अनेक काव्य प्रक्रियाओं का आलवाल है जिनमें काल्पनिकता की गंध (Romantic spirit) अधिक है। भाव-कविता वह व्यापक काव्यांदोलन है जिसने एक साथ प्रणय-कविता, प्रकृति कविता, देश भक्ति कविता, समाज-सुधार कविता आध्यात्मिक-कविता, मिसाइल पॉइट्री, स्मृति गीत (एलिजीस) आदि अनेक प्रक्रियाओं को जन्म दिया।

कविता के तीन अंग होते हैं, वस्तु, भाव और रचना (छंद, भाषा, शैली)। इन तीनों अंगों में वस्तु और रचना की अपेक्षा भाव-

कविता ने भाव को प्रधानता दी। प्रेयसी की वियोगानुभूति से व्यथित घास के फूल, वियद्धुनी की संभावना करनेवाले कॉण्डवीडु या अमरावती, नित्यप्रति आँखों के सामने गुजरनेवाली अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बीमारियाँ आदि ने अंतरंग को कुरेदकर किसी मधुर विषाद स्मृति को मन में जगाकर प्राय: आत्माश्रयी रूप में जिन भाव धाराओं को बहाया, वे ही भाव गीत हैं। यह तीव्र भावों की धारा ही भाव कविता का प्राण है। इस कोटि के कवि भाव कवि हैं। इन साठ वर्षों में लगभग तीस वर्ष भाव कविता के हैं। इसी दृष्टि से आधुनिक आंध्र कविता का प्रतिनिधित्व करने के लिए दो भाग प्रकाशित करने का निश्चय किया गया है। प्रथम भाग भाव-कविता की अनेक शाखाओं का प्रतिनिधित्व करता है और दूसरा भाग अभ्युदयवाद (प्रगतिवाद) आदि शाखाओं का। यह संग्रह भाव-कविता से संबंधित कविताओं का संकलन है। इसको प्रकाशित करने के लिए कटिबद्ध आँध्र प्रदेश साहित्य अकादमी का प्रयत्न बहुत प्रशंसनीय है। मैं आशा करता हूँ कि यह प्रयत्न हिन्दी के द्वारा समग्र भारत को तेलुगु की कविता-प्रक्रियाओं से परिचित कराकर भावात्मक एकता में सहायक होगा।

—डॉ० सी. नारायण रेड्डि

भूमिका

आधुनिक तॅलुगु कविता की पृष्ठभूमि :

सन् सत्तावन के प्रथम स्वतंत्रता-संग्राम के बाद जैसे-जैसे भारत पर अंग्रेज़ी शासन के शिकंजे मज़बूत होते गये वैसे-वैसे उनसे छुटकारा पाकर स्वतंत्र होने की अभिलाषा भी फिर से धीरे-धीरे भारत के शिक्षित वर्ग के हृदय में प्रादुर्भूत होने लगी जिसके फलस्वरूप आगे चलकर राष्ट्रीय कांग्रेस का जन्म हुआ जिसके द्वारा साधारण जनता के मन में स्वतंत्रता-प्राप्ति की इच्छा पैदा की गयी थी। बीसवीं शताब्दी के द्वितीय दशक से लेकर गांधीजी का जब भारत के राजनैतिक क्षितिज में उदय हुआ तब से यह महान राष्ट्रीय कार्य सुनियोजित रूप से चलने लगा और स्वतंत्रता का संदेश घर घर पहुँचने लगा। इसमें देश के नेताओं और उनके अनुयायियों को अनेक कष्ट झेलने पड़े और आत्म-त्याग करने पड़े। इसके विपरीत अंग्रेज़ों की दमन नीति का चक्र भी ज़ोरों से चलने लगा। तब से लेकर स्वतंत्रता प्राप्ति तक कांग्रेस और गांधीजी की राजनीति ने कितनी करवटें कैसे बदलीं, वह सब इतिहास का विषय है। किंतु उसका प्रभाव भारतीय साहित्य पर बहुत पड़ा जिसके कारण उसके स्वरूप और गति विधियों में अनिवार्य अंतर आ गया है जो भारत भर की भाषाओं के साहित्य में प्राय: समान रूप से परिलक्षित होता है। राजनैतिक क्षेत्र में नेताओं के प्रबोधात्मक व्याख्यानों के द्वारा स्वतंत्रता का जो संदेश साधारण जनता तक पहुँचाने का प्रयत्न किया गया वह कवियों और लेखकों की वाणी में मुखरित हो उठा और धीरे-धीरे देश की जनता प्रबुद्ध होने लगी। तॅलुगु के आधुनिक काव्य साहित्य के संबंध में भी यह कथन पूर्णत: घटित होता है। हाँ, राजनैतिक दृष्टि से आधुनिक तॅलुगु काव्य साहित्य की एक विशेषता है। आंध्र प्रदेश में जहाँ समग्र भारत की स्वतंत्रता-प्राप्ति के लिए उत्कट व्यग्रता थी वहाँ स्वतंत्रता-प्राप्ति के उपरांत अपने साहित्य और संस्कृति के सम्यक् विकास के हेतु अपना

एक अलग अस्तित्व भारत के अंग के रूप में बनाने का दृढ़ संकल्प भी लक्षित था जिसका प्रतिबिंब भी तत्कालीन साहित्य के दर्पण में झलकता है। गांधीजी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भावी स्वतंत्र भारत का जो राजनैतिक ढाँचा तैयार किया था उसमें इसके लिए भाषावार प्रांत विभाजन की योजना के रूप में अनुकूल वातावरण भी बना था।

आधुनिक युग में अंग्रेज़ी शिक्षा का जो प्रभाव भारत पर पड़ा वह प्रधानत: दो क्षेत्रों में दिखाई पड़ता है; एक तो धार्मिक क्षेत्र में जिसके फल स्वरूप सामाजिक क्षेत्र में भी, और दूसरे साहित्यिक क्षेत्र में। स्वामी दयानंद सरस्वती और राजाराम मोहनराय जैसे मनीषियों की दृष्टि ने अंग्रेज़ी शिक्षा से प्रभावित होकर अपने परंपरागत हिन्दू समाज में मानवता की दृष्टि से कुछ धार्मिक और सामाजिक सुधारों की आवश्यकता का अनुभव किया जिसके फलस्वरूप आर्यसमाज और ब्रह्मसमाज के आंदोलन चले जिनका प्रभाव तॅलुगु साहित्य पर पड़ा, विशेषकर ब्रह्मसमाज के आंदोलन का। इन दोनों सुधारकों ने हिन्दू समाज में तब तक फैले संकीर्ण विचारों को दूर कर उस धर्म को विश्व-जनीनता प्रदान करने का स्तुत्य प्रयत्न किया जिसका प्रभाव आगे चलकर गाँधीजी ने भी ग्रहण किया। आंध्र प्रदेश में सामाजिक और साहित्यिक क्षेत्रों में इन आंदोलनों का प्रभाव श्री कंदुकूरि वीरेशलिंगम् पंतुलु और श्री गुरजाड अप्पाराव पर खूब पड़ा जो सुधारवाद की दृष्टि से आधुनिक समाज और साहित्य के युगप्रवर्तक थे। हिन्दी के आधुनिक साहित्य में जो स्थान भारतेंदु हरिश्चंद्र का है, वही आधुनिक तॅलुगु साहित्य में श्री वीरेशलिंगम् पंतुलु का है।

अंग्रेज़ी साहित्य के अध्ययन के साथ-साथ तॅलुगु के साहित्यिक क्षेत्र में भी बड़ा परिवर्तन उपस्थित हुआ। वर्ड्सवर्थ, शेली, कीट्स आदि स्वच्छंदतावादी कवियों के अध्ययन ने तॅलुगु के कवियों की भाव भूमि को विशाल बना दिया। अंग्रेज़ी कविता की भावधारा, काव्यरूप, अभिव्यक्ति आदि ने उनको आकर्षित किया जिससे आधुनिक तॅलुगु कविता की धारा में जिसका प्रारंभ इस रूप में सन् 1900 के लगभग

माना जा सकता है, एक विशेष मोड़ आया -जहाँ से एक शाखा भाव-कविता कही गयी है जिसका स्वरूप प्रस्तुत संकलन उपस्थित करता है और जो हिन्दी की छायावादी और रहस्यवादी कविता के समकक्ष है। भाव कविता और छायावादी कविता की भाव, भाषा और शैली गत सब विशेषताएँ समान हैं। इसलिए यह कहा जा सकता है कि अंग्रेजी स्वच्छंदतावादी काव्य साहित्य का जितना और जैसा प्रभाव हिन्दी पर पड़ा है उतना और वैसा प्रभाव तॅलुगु पर भी पड़ा है। इसके अतिरिक्त रवींद्रनाथ ठाकुर की कविता ने भी इस धारा की तॅलुगु कविता को बहुत प्रभावित किया जिसका विकास बीसवीं शताब्दी के द्वितीय चरण में सर्वाधिक हुआ। सूत्ररूप में यही वह पृष्ठभूमि है जिसपर तॅलुगु की भाव-कविता की धारा प्रवाहित हुई और साहित्यिक क्षेत्र को भाव, भाषा, विराट कल्पना, अतींद्रिय सौन्दर्य की भावना, अभिव्यक्ति आदि की दृष्टियों से बहुत उर्वर बना दिया। अस्तु।

तॅलुगु की आधुनिक कविता उस उत्तर मध्यकालीन काव्य-साहित्य की, जो अठारहवीं और उन्नीसवीं शताब्दियों में शास्त्र निबद्ध दृष्टि से भाव पक्ष को प्रधानता न देकर निर्जीव रूप से निर्मित हुआ था, प्रतिक्रिया के रूप में प्रादुर्भूत हुई जिसके उष:काल में तिरुपति वेंकटेश्वर नामक कविद्वय उदित हुआ और देश-भर में लगभग तीस-चालीस वर्षों तक कविता का उत्सव-सा मनाया था। कविता को राज दरबारों से निकालकर साधारण जनता तक पहुँचाने का श्रेय इसी कविद्वय को मिला है। भाषा और शैली की दृष्टि से इनकी कविता में यद्यपि बहुत सरलता पायी जाती है जिससे साधारण पढ़ा-लिखा आदमी भी उसका सुगमता से रसास्वादन कर सकता है, तथापि विषय, छंदोरूप आदि पुरानी परंपरा के अनुरूप ही मिलते हैं। देश भर के राजाओं, जमींदारों और रईसों के दरबारों में जाकर अपनी आशु कविता और अवधान कविता के द्वारा उन्होंने कविता को सर्वजनसुलभ बना दिया। इसमें यद्यपि पुरानी भावधारा प्रधान रूप से दृष्टि गत होती है किन्तु फिर भी बदलती हुई सामाजिक मान्यताओं की झलक भी मिलती है। इनकी

कविता अधिकतर वस्त्वाश्रयी है जिसमें इनका निर्भीक व्यक्तित्व लक्षित होता है। इनकी 'कामेश्वरी शतक', जैसी आत्माश्रयी कविता और अवधान कविता में भी वह नया सौंदर्य बोध नहीं मिलता जो आगे चलकर भाव-कविता का प्रधान तत्व बन गया है। ये दोनों कवि आगे चलकर बहुत से कवियों के गुरु बने।

यहाँ अवधान कविता का संक्षिप्त परिचय देना आवश्यक है, जो तॆलुगु कविता की एक विशेष प्रक्रिया है। "अवधान" एक ऐसा कार्य-क्रम है जिसमें अवधानी कवि एक साथ अनेक कार्य ध्यानपूर्वक करता है जिनमें कविता-रचना प्रधान है। 'अवधान' प्रधानत: दो प्रकार का होता है, अष्टावधान और शतावधान। अष्टावधान में कवि को एक साथ आठ विषयों का ध्यान रखकर पृच्छकों को उत्तर देना पड़ता है। विद्वानों की सभा जुड़ती है जिसमें आठ विद्वान पृच्छक नियुक्त किये जाते हैं जो अवधानी कवि से भिन्न-भिन्न विषयों पर प्रश्न करते हैं, और उसका ध्यान बँटाने का प्रयत्न करते हैं। कोई यह पूछता है कि कुछ निश्चित अक्षरों का प्रयोग करके फ़लाने विषय पर पद्य कहिए। इसे न्यस्ताक्षरी कहते हैं। जब कवि उसका उत्तर दे रहा होता है तब दूसरा कुछ शब्दों और अक्षरों का क्रम बदलकर कहता है कि इनका उपयोग करके फ़लाने विषय पर पद्य कहिए। इसे व्यस्ताक्षरी कहते हैं। कवि को उन अस्तव्यस्त शब्दों और अक्षरों का क्रम ठीक करके पद्य कहना पड़ता है। इसी बीच में तीसरा पूछता है कि अमुक-अमुक अक्षरों को बचाकर अमुक विषय पर पद्य कहिए। इसे निषेधाक्षरी कहते हैं। बीच-बीच में कोई अनेक विषयों पर बेसिर पैर की बातें पूछकर शंका समाधान माँगते हुए कवि का ध्यान बँटाने का प्रयत्न करता है। यह अकाश-पुराण कहलाता है। जब कवि का मन इन बातों में लगा रहता है तब बीच-बीच में कोई घंटा बजाता रहता है और कोई उसकी पीठ पर फूल मारता रहता है। अंत में अवधानी को यह बताना पड़ता है कि कितनी बार घंटा बजा और कितने फूल उसकी पीठ पर पड़े। ये दोनों क्रियायें घंटाराव और पुष्प परिगणना कही जाती हैं। एक और व्यक्ति बीच में

पद्य में कोई समस्या देकर उसकी पूर्ति करने को कहता है। यह समस्या-पूर्ति है। इन सबमें उलझे हुए कवि से कोई शतरंज की चाल चलने को कहता है। इन आठों कार्यों को कवि को सफलतापूर्वक कुछ निश्चित समय में पूरा करना पड़ता है। इसलिए यह अष्टावधान कहलाता है। शतावधान में कवि को एक साथ सौ पृच्छकों को सौ पद्य कहने पड़ते हैं। सौ पृच्छक, सौ विषयों पर पद्य कहने को कहते हैं, और शतावधानी कवि सब पृच्छकों को उनके इच्छित छंदों में इच्छित विषयों पर एक-एक या दो-दो चरण सुनाता है और फिर प्रथम पृच्छक से लेकर सबको उनके शेषांश सुनाता है। अंत में सौओं पद्यों को क्रम से सुनाता है। यह शतावधान है जो दो-चार दिन तक चलता है। शतावधान की अपेक्षा अष्टावधान कठिन समझा जाता है। इनके अतिरिक्त एक सहस्रावधान भी है जिसमें एक हज़ार पृच्छकों को हज़ार पद्य सुनाने पड़ते हैं। इस प्रकार की कविता में यद्यपि भावों की गहरायी और कला की कुशलता कम दिखायी पड़ती है, तथापि इससे कवि के पांडित्य-प्रकर्ष, अनेक विषयों का ज्ञान, भाषा पर असाधारण अधिकार, प्रवाहमयी आशु कवित्व-रचना-शक्ति, धारणा आदि का परिचय मिलता है।

भाव-कविता विषयी प्रधान अथवा आत्माश्रयी होती है और उसमें कवि की अनुभूति प्रधान होती है। प्रकृति को कवि अपने भावों की छाया में देखता है और उसपर उनका रंग चढ़ाकर उसे ऐसा रूप प्रदान करता है कि वह वस्तु मात्र न रहकर कवि के भावात्मक सौन्दर्य की वाहिका बन जाती है। भावात्मक होने के कारण कवि की सौन्दर्यानुभूति अतींद्रिय होती है। यही भाव-कविता का प्राण है। अपनी इस अतींद्रिय सौंदर्यानुभूति को वह यथा साध्य तत् सदृश प्राकृतिक उपादानों के द्वारा अभिव्यक्त करता है जिससे शैली में एक ऐसी विशिष्टता आ जाती है कि एक सजीव भावात्मक चित्र हमारे सामने उपस्थित हो जाता है। इसी प्रक्रिया में बिंबविधान आ जाता है जिसपर भावों की प्रेषणीयता की सफलता निर्भर करती है। कभी-

कभी प्रकृति आलंबन बनकर कवि की सौंदर्यानुभूति को जगाती है और एक ऐसे भाव जगत की सृष्टि करती है, जो कल्पना प्रसूत होते हुए भी अनुभूति प्रधान होने के कारण सत्य ही होता है। सौंदर्यानुभूति की अभिव्यक्ति की इन दोनों दशाओं में कल्पना का बहुत बड़ा हाथ रहता है जिससे इसको तॅलुगु में 'काल्पनिकोद्‌यममु' (कविता में काल्पनिक आंदोलन) कहा गया है।

इस प्रकार काल्पनिक आंदोलन में चली भाव-कविता की धारा के, जिसका विकास "साहिती समिति" के द्‌वारा खूब हुआ, कई रूप मिलते हैं जिनका नामकरण डॉ० दिवाकर्ल वेंकटावधानी ने इस प्रकार किया; लघु काव्य, खण्ड काव्य, आत्माश्रयी कविता, प्रकृति-कविता और मर्म कविता। इनमें मर्म कविता को रहस्यवादी कविता के रूप में समझा जा सकता है जिसमें माधुर्य भावना का समावेश है। श्री वेंकटपार्वतीश्वर कविद्‌वय की रचना 'एकांत सेवा' इस प्रकार की काव्यधारा की प्रथम रचना मानी जा सकती है। अतः वे भाव-कविता के वैतालिक माने जा सकते हैं। यह काव्य धारा आगे चलकर सर्वश्री विश्वनाथ, रायप्रोलु, देवुलपल्लि, बसवराजु, नंडूरि, अडिवि, वेदुल, प्रभृति कवियों की रचनाओं के द्‌वारा बहुत विकसित हुई, जिसमें देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत गीतों की रचना भी मिलती है। छंद विधान की दृष्टि से इस धारा की कविताओं में स्वच्छंद छंदों और ताल प्रधान गीतों का अच्छा प्रयोग हुआ जिसका प्रारंभ श्री गुरजाड अप्पाराव ने अपने "मुत्याल सरालु" के साथ किया था, यद्‌यपि कहीं-कहीं शास्त्रनिबद्‌ध छंद भी मिलते हैं। प्रस्तुत पुस्तक में भाव-कविता का जो संग्रह है उसमें आंध्र प्रदेश के सामाजिक आचार-विचारों और ऐतिहासिक औन्नत्य के साथ-साथ समग्र भारत की सांस्कृतिक एकता के प्रति कवियों की जागरूकता भी प्रतिबिंबित है।

इस संग्रह का संकलन उस्मानिया विश्वविद्‌यालय, हैदराबाद के तॅलुगु विभाग के रीडर और प्रसिद्‌ध आधुनिक तॅलुगु कवि डॉ० सी.

नारायण रॅड्डि के परामर्श से किया गया है। अनुवाद के प्रबंध और संपादन का भार इन पंक्तियों के लेखक को सौंपा गया है। जिन जिन कवि मित्रों ने समय पर कविताओं का अनुवाद भेजकर मुझे सहयोग प्रदान किया उनको मैं हार्दिक धन्यवाद देता हूँ। अनुवाद के संबंध में एक बात कहना चाहता हूँ। यह तो सभी विद्वान पाठक जानते हैं कि कविता का अनुवाद मौलिक रचना की अपेक्षा बहुत कठिन होता है क्योंकि अनुवादक को मूल कवि के हृदय को पहचानकर उसकी अनुभूति के साथ तादात्म्य पाकर उसे अनुवाद की भाषा में स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करना होता है। प्रस्तुत संकलन के अनुवादकों ने मूल कवि के आशय को समझकर उसे हिन्दी में यथासाध्य स्वाभाविक रूप से रूपांतरित किया है। किन्तु फिर भी कहीं-कहीं उत्तर भारत के पाठकों को शब्द चयन, छंदविधान, शैली आदि में कुछ विलक्षणता लक्षित हो सकती है जो अनिवार्य है। हिन्दी के राष्ट्रीय स्वरूप को दृष्टि में रखकर यदि देखा जाय तो यह अनिवार्य ही नहीं, बल्कि आवश्यक भी है क्योंकि तभी सच्चे अर्थों में वह समूचे राष्ट्र की संपत्ति हो सकती है और देश के भिन्न-भिन्न भाषा क्षेत्रों के भावों और विचारधारा को अभिव्यक्त कर उसके द्वारा उनमें निहित सांस्कृतिक एकता को प्रतिबिंबित करने में समर्थ होती है। इसके द्वारा हिन्दी का शब्द समूह विशाल होता है और उसकी अभिव्यंजना शक्ति भी विकसित होती है। इस प्रकार विभिन्न भाषा प्रांतों के लेखक हिन्दी के विकास में योगदान देते हैं जो हिन्दी के राष्ट्रीय स्वरूप के विकास की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है।

मूल तॅलुगु कविता के लिप्यंतरण के संबंध में एक बात ध्यान देने की है। तॅलुगु में ह्रस्व एकार और ओकार भी प्रयुक्त होते हैं जिनको इस ग्रंथ में इस प्रकार मुद्रित किया गया है; तॅ (ह्रस्व ते) तॉ (ह्रस्व तो)। पढ़ते समय पाठक इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखें। उच्चारण की दृष्टि से तॅलुगु स्वरांत भाषा है। शब्दों के बीच में आनेवाले सब व्यंजन भी संपूर्ण रूप से उच्चरित होते हैं। अतः किसी

अक्षर में हल का चिह्न मिलने पर ही उसे व्यंजनवत् पढ़ना चाहिए। अन्यथा स्वरांत ही पढ़ना चाहिए।

इस पुस्तक को आद्यंत सुनकर उचित परामर्श देकर सुहृद मित्रवर श्री ए. सी. कामाक्षिराव ने मेरी जो अमूल्य सहायता की उसके लिए मैं उनका अत्यंत आभारी हूँ।

आंध्र प्रदेश साहित्य अकादमी ने इस संग्रह के संपादन का भार मुझे सौंपकर इस दिशा में राष्ट्र भारती की कुछ सेवा करने का सुअवसर जो प्रदान किया उसके लिए मैं अकादमी के अधिकारियों का कृतज्ञ हूँ। यथासंभव इस कार्य को निर्दुष्ट रूप से संपन्न करने का मैंने प्रयत्न किया है। किन्तु गुण-दोषों के निर्णय का भार मेरा नहीं है; विद्वान पाठक-बंधुओं का है। यदि यह संग्रह आँध्रेतर भाषियों की, तॅलुगु के आधुनिक काव्य साहित्य संबंधी जिज्ञासा को जगा सका और देश भर में व्याप्त भारतीय संस्कृति की एक झलक प्रस्तुत कर सका तो यह प्रयत्न सफल कहा जा सकता है।

हिन्दी प्रचार प्रेस के कार्यकर्ता भी मेरे धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने सुंदर ढंग से इसे मुद्रित किया है।

विनीत

चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

काव्यानुक्रमणिका

कृतज्ञता-ज्ञापन

तॅलुगु के उन सभी कवि-महानुभावों को, जिनकी उदार अनुमति के बिना भावात्मक एकता की पहचान के राष्ट्रीय महायज्ञ में यह समिधा नहीं जुड़ सकती थी, हम अपनी हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करने में आनंद का अनुभव करते हैं।

—प्रकाशक

आधुनिक तॅलुगु कविता

प्रथम भाग

मनिषि

मूल : श्री गुरजाड़ अप्पाराव

मनिषि चेसिन रायि रप्पकि
महिम कलदनि सागि मॉक्कुतु
मनुषुलंटे रायि रप्पल
कन्न कनिष्टम्

गानु चूस्तावेल ? बेला !
देवु डॅकडो दागॅनंट्ट
कॉण्डकोनलु वॅतुकुलाडे
वेला ?

कन्नु तॅरिचिन कानबड़डो
मनिषि मातुडि यंदु लेडो ?
यॅरिगि कोरिन करिगि ईडो
मुक्ति ?

मनुज

अनु: श्री एम. रंगय्या

मनुज के निर्मित पत्थरों में
देखता जगत महिमा अपार ।
करता नमन साष्टांग नतसिर
शिला से मान मनुज निस्सार ।

मनुज का तू अपमान करता
सोच है कहीं छिपा भगवान ।
गिरि वनों में ढूँढ़ता है क्यों ?
भटकते रहा घूम नादान !

आँख खोलो तो दिखेगा क्या
उस मनुज में ही माधव नहीं ?
माँगे यदि पहचान कर उसे
तो क्या वह मुक्ति देगा नहीं ?

देशभक्ति

मूल: श्री गुरजाड़ अप्पाराव

1. देशमुनु प्रेमिंचुमन्ना
मंचि यन्नदि पॅन्चुमन्ना
वॉट्टि माटलु कट्टि पॅट्टोय
गट्टि मेल् तलपॅट्टवोय ।

2. पाडि पंटलु पॉङ्गि पॉर्ले
दारिलो नुवु पाटु पडवोय
तिंडि कलिगिते कंडकलदोय
कंडकलवाडेनु मनिषोय ।

3. ईसुरोमनि मनुषुलुंटे
देशमेगति बागुपडुनोय
जल्दुकॉनि कळलॅल्लनेर्चुकु
देशि सरुकुलु निंचवोय ।

4. अन्नि देशाल् क्रम्मवलॅनोय
देशि सरूकुल नम्मवलॅनोय
डब्बु तेलेनट्टि नरुलकु
कीर्ति संपद्लब्बवोय

5. वॅनक चूचिन कार्यमेमोय
मंचि गतमुन कॉंचमेनोय
मंदगिंचक मुंदु अडुगेय
वॅनुक पडिते वॅनकॅनोय ॥

देशभक्ति

अनु : श्री तुम्मूरि रामकृष्ण मूर्ति

1. है प्रेम करना देश को ।
बढ़ा देना भलाई को ।
मत बोलना व्यर्थ बातें ।
करो चेष्टा श्रेष्ठ हित की ।।

2. बढ़ेगा धनधान्य जैसे
श्रम उठाना तुम्हें वैसे ।
अन्न हो तो बल पुष्टि है ।
वही मनुज जो पुष्ट है ।।

3. मनुज दुर्बल अगर होते
तो सुधरता देश कैसे ?
सीखकर सब कलाओं को
भरो देशी वस्तुओं को ।।

4. देश सारे घेर लेना ।
माल देशी है बेचना ।
धन कमा जो सकते नहीं
कीर्ति धन वे पाते नहीं ।

5. मुड़ देखना किस काम का ?
लाभ गत में है अल्प ही ।
छोड़ सुस्ती पग बढ़ाना ।
पिछड़ते तो पिछड़े रहो ही ।।

6. पूनु स्पर्धनु विदूयलंदे
वैरमुलु वाणिज्यमंदे
व्यर्थ कलहं पॅञ्चबोकोय
कत्ति वैरम् काल्चवोय ॥

7. देशाभिमानं नाकु कद्दनि
वट्टि गॉप्पलु चॅप्पुकोकोय
पूनि येदैनानु वॉक मेल
कूर्चि जनुलकु चूपवोय ॥

8. ओर्वलेमि पिशाचि देशम्
मूलुगुलु पील्चेसॅनोय
ऑरुल मेलुकु संतसिस्तू
ऐकमत्यं नेर्चवोय ॥

9. परुल कलिमिकि पॉर्लि येड्चे
पापि कॅक्कड सुखं कद्दोय ?
ऑकरि मेलुतनमेलनॅञ्चे
नेर्परिकि मेलु कॉल्ललोय ॥

10. स्वंतलाभम् कॉन्तमानुकु
पॉरुगु वाडिकि तोडुपडवोय
देशमंटे मट्टिकादोय
देशमंटे मनुषुलोय ॥

11. चेट्ट पट्टाल पट्टुकॉने
देशस्थुलंता नडववलॅनोय

6. कलाओं में ही होड़ करना ।
व्यापार में ही वैर करना ।
व्यर्थ झगड़ा मत बढ़ाओ ।
वैर कृपाण का त्याग दो ॥

7. डींग ऐसी मत हाँकना
कि है मुझमें देश-ममता ।
यत्न करके भलाई को
कर दिखाना सब जनों को ॥

8. डाह-पिशाच बढ़ चढ़ा है ।
चूस डाली देश-मज्जा ।
अन्य-हित पर हर्ष करना ।
एकता तुम सीख लेना ॥

9. देख परधन दुःख जिसको
सुख कहाँ उस पाप रत को ?
अन्य-हित ही हित मानते
तो हित कई प्राप्त होते ॥

10. छोड़कर कुछ निज लाभ को
मदद देना पड़ोसी को ।
देश माने मिट्टी नहीं
देश माने है मनुज ही ॥

11. सब डाल गलबहियाँ मिलें ।
देशवासी पग बढ़ा दें ।

अन्न दम्मुल वॅलॅनु जातुलु
मतमुलन्नी मॅलग वॅलॅनोय ॥

12. मतम् वेरैतेनु एमोय
मनसुलॉकटै मनुषुलुंटे
जात मन्नदि लेचि पॅरिगी
लोकमुन राणिंचुनोय ॥

13. देशमनियॅडि दॉड्ड वृक्षम्
प्रेमलनु पूलॅत्तवलॅनोय
नरुल चॅमटनु तडिसि मूलम्
धनम् पंटलु पंडवलॅनोय ॥

14. आकुलंदुन अणगि मणगी
कवित कोकिल पलकवलॅनोय
पलुकुलनु विनि देशमंदभि-
मानमुलु मॉलकॅत्तवलॅनोय ॥

सब धर्म और सब जातियाँ
भ्रातृत्व से बरता करें ॥

12. धर्म चाहे भिन्न होवें,
एक मन के मनुज होवें ।
जन्म तब तो चढ़ बढ़ेगा ।
संसार में फब उठेगा ।

13. विशाल तरु देश रूपी
सुमन फूले प्रेम रूपी ।
नर-स्वेद से मूल भीगे ।
धन-फसल की उपज होवे ॥

14. दबे दुबके पत्तों तले
काव्य-कोकिल कुहुक बोले ॥
कुहुक सुनकर देश-उर में
प्रेम अंकुर फूट निकलें ॥

मुसलम्म-मरणमु

यह खण्डकाव्य स्व. डॉ. कट्टमंचि रामलिंगा रेड्डी की अनुपम कृति है जो स्त्रियों में त्याग और वीरता की भावना जगाने के लिए लिखी गयी थी। इसके कथानक का परंपरागत आधार भी मिलता है जो "अनंतपुर चरित्र" नामक ग्रंथ से ग्रहण किया गया है। आंध्र प्रदेश के वर्तमान अनंतपुर के समीप बुक्करायसमुद्र एक छोटा गाँव है जिसके तालाब के तट को "मुसलम्मा का तट" कहा जाता है जहाँ अब भी "मुसलम्मा" जो इस काव्य का प्रधान पात्र है, ग्राम-देवी के रूप में लोगों से आराधित होती है।

बुक्करायसमुद्र के पास जो झील है उसमें कभी अतिवृष्टि के कारण बहुत बड़ी बाढ़ आयी तो उससे सारे गाँव को बचाने के लिए, अशरीर वाणी के आदेशानुसार, उस गाँव की निवासिनी "मुसलम्मा" ने बड़ी वीरता पूर्वक जो आत्म त्याग किया था, वह इसकी वस्तु है। ग्राम के रक्षणार्थ बाढ़ से भरी उस झील में डूबकर आत्म बलि के लिए उद्यत "मुसलम्मा" के सास और ससुर से बिदा लेते समय उनको धीरज बँधाने का प्रसंग यहाँ दिया गया है।

"मुसलम्म-मरणमु" से

मूल: स्व. कट्टमंचि रामलिंगा रेड्डी

1. कॉड्डुकुलॅल्लरु रामुलु, पुडमितनय
   लॅल्ल कोडंड्रु, तक्कुव एमि मीकु ?
   रॅप्पलक्षुल बोलॅ मिम्मॅप्पगिदिनि
   नहरहम्मुनु सेविंतुरडलनेल ?

2. तल्लियु तंड्रियुं गुरुवु दैवमु लॅल्लरु मीर; मीरले
   चॅल्लगनिय्यरेनि यिक चॅल्लुनॅ नादगु पून्कि यॅच्चटन् ?
   गल्लयॉ सत्यमो एरुग; कर्मविपाकत नेपुँ वेळ मे
   नॅल्ल परोपकारमुनके यनि पल्कितिरट्लु चेसॅदन् ॥

3. अन विनि माम यिट्लनु नम्म ! निनु दूर
   नॅन्चिन वाडगा नेनु विनुमु
   नीवॅरुंगनिदेदि नेनॅरुंगुदुनम्म
   नीयिच्च वच्चिनट्लॅ यॉनर्पु
   मनुचु दुःखम्मुन नाननम्मुनु वांचि
   यॉण्डु वलनु चूचुचुंडॅ नंत
   नत्तगारडलुचु नल्लन मुद्दिदड्डि
   पोयिरम्मनि पल्क पुव्वुबोणि

हृदयमुन नग्गलंबगु प्रीति मॅरय
तनदु चिन्नारि पॉन्नारि तनयु देर
बनिचि कन्नुल नॉक्क कोत्त प्रभ सॅलंग
जंक निडिकॉनि मुद्दाडि जालि दोप ॥

"मुसलम्मा की मृत्यु" से

अनु: डॉ० चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

मुसलम्मा के, सास-ससुर से, बिदा लेने का प्रसंग

1. "तव पुत्र सभी राम समान सुशोभित।
भूतनया सम पुत्र वधू सब राजित,
पलकों से नेत्र ज्यों सभी से रक्षित
तुम्हें कोई न कमी, व्यर्थ क्यों दुःखित?

2. माता, पिता, गुरु, देव मेरे सभी तो आप ही हैं।
कैसे प्रतिज्ञा मम निभे यदि निरोधक आप ही हैं?
जाने झूठ हो या सत्य, पर आपही ने सिखाया।
हो जीवन परहितार्थ, इसको लक्ष्य मैंने बनाया" ॥

3. ससुर ने कहा, "बेटी! करता मार्ग निरोध न मैं तव
जो तुमको ज्ञात नहीं वह क्या बात बताऊँ अभिनव?
स्वयं विवेकवती तुम करना अपना कार्य अभीप्सित।"
यह कह उसने मुँह फेर लिया, नेत्र हुए जल प्लावित ॥

4. माथा सूँघ सास बोली, "बेटी! जाओ", सकरुण।
प्रणाम कर उनके चरणों में, उसने भी हो सकरुण
ले निज तनय अंक चूम लिया, नव नयनाभा भरकर।
फिर बोली, "चिरजीवी हो सुत! साथ पिता के रहकर ॥

4. అన్న పోర నీకు నమ్మ ఎఁక్కడిదిక ?
తండ్రిగారి గూడి తనరు మధ్య
నన్ను దలచి తలచి నాయనా ! యడలంగ
వలదు పోయి వత్తు పంపు తండ్రి !

5. అనుచున్ బిడ్డని కౌగిలించి తమి మూర్ధాఘ్రాణమున్ జేసి యాఁ
ఘ్యన భద్రంబని ప్రాణనాథునికి దానర్పించి యర్పించుచో
దనకుం బట్టక వచ్చు బాష్పముల నాతండెడ లక్షించి యే
ఇచునాఁ యంచానన మాఁణ్డుదిక్కునకు నా శోభాంగి త్రిప్పెన్వడిన్ ॥

5. "बेटा ! याद मुझे कर रोना
न कभी, तेरी माता
न रहेगी आगे, भेज मुझे"
कहकर सूँघा माथा ।
पुत्र सौंपकर पति के हाथों,
विह्वल हो सजल नयन ।
कि न देख दुखी हों पति उसने
निज फेर लिया आनन ॥

"एकांत सेवा" से

मूल : श्री वेंकट पार्वतीश्वर कवुलु

1. अलसिवच्चितिवेमॉ यनि जालिनॉन्दि
   चलुव पन्नीटि चे चरणमुल् गडिगि
   यलरु दुव्वलुवचे नड्डुगुल नॉत्ति
   यरविरि गद्दॅपै नासीनु जेसि
   फलरसंबुल तोड पानीय मॉसगि
   चक्कनिर्नम्मेन चंदनंबलदि
   तनिवार कर्पूर तांबूलमिच्चि
   श्रमवाय जेयगा सरसनु जेरि
   विरजाजि सुरटील विसरुचुनुंड
   नामेनु मरपिंचि नाकनु गप्पि
   इंद्रजालमु चेसि येगुट नीकु
   न्यायमै तोचॅने ना जीवितेश!

2. विरिदंड मॅडलोन वेयुटे कानि
   कन्नार नी मूर्ति गांचने लेदु
   प्रणमिल्लि यड्डुगुल बड्डुटये कानि
   चेतुलारग सेव चेयनेलेदु
   निनुगांचि मुग्धनै निलुचुटे कानि
   प्रेमदीरग बल्करिंपनेलेदु
   एमेमॉ मनसुलो नॅन्चुटे कानि
   तिन्नगा नाकोर्कि तॅलुपनेलेदु
   बोधंबुलो सुप्ति पोडसूपबोलु
   कनुललो जूपुलो गाविरुल् ग्रम्मॅ

"एकांत सेवा" से

अनु: श्री बालशौरि रेड्डी

1. देख थके आये होगे दया कर सुगंधित
   शीतल जल चरण प्रक्षालन करके ।
   सुंदर पीतांबर से पोंछ चरण, कुसुम-
   सिंहासन पर सुख से आसीन करके ।
   मधुर फलों के रस का पानीय पिलाकर
   सुंदर तन पर चंदनलेप करके ।
   कर्पूर सुगंधित तांबूल से तृप्त करके
   श्रम दूर करने पास पहुँच करके ।
   जुही-पंखे से वायु सेवन
   कराती जब, कर बेसुध मुझे
   आँख बचा, इंद्रजाल करके
   जाना प्रभु ! लगता न्याय तुझे ?

2. तुम्हारे कंठ में पुष्पों की माला तो पहनायी
   लेकिन आँखों भर तेरी मूर्ति देखी नहीं ।
   तव चरणों में गिरकर प्रणाम तो किया
   पर हाथों से तेरी सेवा कुछ भी की नहीं
   तुझे देखकर मुग्धा बनकर खड़ी रही
   परंतु प्रेम से बोली तक कुछ भी नहीं ।
   अपने मन में क्या क्या सोचती ही रह गयी
   सीधे अपनी कामना प्रकट तो की नहीं ।

जागृति में सुप्ति दीखती सी
दृष्टि में कालिमा छाती सी

वॅलुगुलो जीकटि विरिसॅ गाबोलु
मनसुलो दॅलिविलो मरपुलु दोचॅ
आनंदमंदुटे यपचारमनुचु
अवशनै युंडुटे अपराधमनुचु
मदिनॅञ्चि यीरीति मायलु सेय
भाव्यमै तोचॅने प्राणेश! नीकु ॥

3. कल्याण विभु सेव गाविंचुवेळ
येमि चेयग बोयि येमि चेसितिनॉ?
प्राणनाथुनितो भाषिंचुवेळ
नेमि चॅप्पग बोयि येमि चेप्पितिनॉ?
विश्व मोहन मूर्ति विनुतिंचु वेळ
नेमि पाडग बोयि येमि पाडितिनॉ?....
कट्टिन पूदंड कट्टिनट्लुंड
पट्टिन हारति पट्टिनट्लुंड
वॅडलि पोयिनयट्टि विज्ञान मूर्ति
मदि येमियॅञ्चॅनो मरलि राडायॅ ॥

4. आवेळ मॉदलुगा ननुनिमुषंबु
नेरीतिनुंटिनो यॅरुगवटम्म
अवशनै चेसिन यपचारमुनकु
गुण निधानुंडिट्लु कोपिंपदगुनॅ....
साक्षात्करिंचिन स्वामिनि गांचि
निलुवॅल्ल बुलकिंप निलुचुट कंटॅ
कल्याण निलयमौ कांतुनि मूर्ति
निलुवु टद्दंबुलो निलुपुट कंटॅ
अदरि पाटुन दोचु नात्मेशु जूचि, वॅरि नै वॅनुकंजॅ वेयुट कंटॅ
प्रेम गीताललो ब्रियुनि पेरॅत्ति, गद्गद स्वरमुनु गांचुट कंटॅ

किरण में अंधेरा खिलता सा
मन तो विस्मृति में खोता सा ।
आनंदित होना ग़लत समझ
अवशा रहना अपराध समझ
यों माया में फँसाना मुझे
प्राणेश ! लगा क्या ठीक तुझे ?

3. प्रभु सेवा में कुछ का कुछ क्या
काम किया हो मैंने
पति से बातों में कुछ की कुछ
बात कही हो मैंने
विश्व-विमोहन-स्तुति में कुछ का
कुछ गाया हो मैंने....

माला तो जैसी की तैसी
रही तो आरती भी वैसी....
विज्ञान मूर्ति तो चले गये ।
क्या सोचा हो, लौट न आये ॥

4. उस दिन से कैसे रहती पल पल नहीं जानती क्या ?
अवशा के अपराध पर गुणधाम का क्रोध उचित क्या ?
प्रत्यक्ष हुए प्रभु लखकर पुलकित होने से बढ़कर
कल्याण-धाम कांत की मूर्ति हृदय-मुकुर में रखकर
चौंक देख प्रभु मुझ पगली के पीछे हटने से बढ़
प्रेम गीतों में प्रिय-नाम लेकर गद्गद होने से बढ़

दासि चेसिन यट्टि तप्पेमि कलदॉ
आनतिम्मनि स्वामि नड्डुगुदु गानि
वनंबु लोपलि पुष्परथमु
तुम्मेदा! वेवेग तोलितेवम्म!

5. प्रणय सौधंबुलो बतियुंड्डुवेळ
प्रेमतो मनसिच्चिच पिलिचॅड्डु वेळ
आनंद मूर्ति यै याडॅडि वेळ
चित्तमा! चित्तमा! चॅद्रबोकम्म!
प्रेमालयंबुलो ब्रियुडाड्डुवेळ
प्रेम डोलिकललो ब्रियुड्डूगु वेळ
आनंद साम्राज्य मंदॅडिवेळ
चित्तमा! चितत्मा! चॅद्रबोकम्म!

6. ईमॉग्ग विरियिंचि इन्नाळ्ळदाक
दंड गूर्चुट किंत तडयुट येल?
ई पंड्डु पंडिंचि यिन्नाळ्ळदाक
आरगिंचुट किंत यालस्य मेल?
एमैन नॅट्टुलैन निष्पटिकैन
निखिलेश! नी कृपान्वित कटाक्षमुन....
करुणावनमुलोनि कल्याण वीचि....
कन्नुलु चल्लगा गनुगॉन गंटि
हृदयेश! ना भाग्यमे भाग्यमय्य।

दासी का अपराध हुआ क्या ?
पूछूँ, प्रभु की हो आज्ञा क्या ?
कुसुम-रथ प्रणय वन का भौंरे !
बहुत शीघ्र हाँक लाओ रे !

5. प्रणय सौध में पति रहते जब
मन से, प्रेम से बुलाते जब
आनंद मूर्ति खेल रहे जब
मन मेरे ! मत घबराना तब ॥

प्रेमालय में प्रिय खेलें जब
प्रेम-झूले प्रिय झूलते जब....
आनंद सामाज्य मिलता जब
मन मेरे ! मत घबराना तब ॥

6. यह कली खिला, हार बनाने
में इतनी देरी क्यों ?
यह फल पकाकर, ग्रहण करने
में इतना विलंब क्यों ?
कुछ भी कैसे भी हो प्रभु !
अब तेरी कृपा-दृष्टि में
मैंने देखी कल्याण वीचि,
तेरे करुणावन में ।

आँखें शीतल, हृदयेश ! भाग्य
मेरा है सच्चा महा भाग्य ।

सर्वलोकेश ! यी सालभंजिकनु
नी केळि गृहमंदु निलुव गानिम्मु
भुवन संत्राण ! यी पुष्पवल्लिकनु
नी पूल तोटलो निलुवगानिम्मु
कल्याण धाम ! यी कनक पीठिकनु
नी पादमुल पॉन्त निलुवगा निम्मु....
दयतोड दिलकिंचि दास्यंबॉसंगि
नन्नेलुकॉनुमय्य ना जीवितेश !

7. प्रभु ! यह साल-भंजिका रहने दो निज क्रीड़ा गृह में
विभु ! यह पुष्पवल्लिका रहने दो निज पुष्पवनों में
नाथ ! यह कनक-पाद-पीठ दो रहने निज चरणों में
पालन कर जीवन-प्रभु ! दासी का, करुणा भर दृग में ॥

जन्म भूमि

मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

ए देश मेगिना एंदु कालिडिन
ए पीठ मॅक्किना एवरॅदुरैन
पोगडरा नी तल्लि भूमि भारतिनि,
निलुपरा नी जाति निंडु गर्वम्मु ।
लेदुरा इटुवंटि भूदेवि एंदु
लेरुरा मनवंटि धीरु लिंकॅन्दु

ए पूर्व पुण्यमो, ए योग बलमॉ
जनियिंचिनाडवी स्वर्ग लोकमुन
ए मंचि पूवुलन् प्रेमिंचिनावॉ
निनु मोचॅ नी तल्लि कनक गर्भमुन ॥
लेदुरा इटुवंटि भूदेवि ऍन्दु
लेरुरा मनवंटि धीरु लिंकॅन्दु

सूर्युनि वॅलुतुरु सोकुनंदाक
ओडल जॅन्डालु आडुनंदाक
नरुडु प्राणालतो नडुचुनंदाक
अंदाक गल यीयनंत भूतलिनि
मन भूमिवंटि कम्मनि भूमि लेदु ।

तम तपस्सुलु ऋषुल् धारपोयंग
चंड वीर्यमु शूर चंद्रुलर्पिंप
राग दुग्धमु भक्त राजु लीयंग
भाव सूलमु कवि बाँधवुलल्ल ।

जन्म भूमि

अनु: डॉ० आदेश्वर राव

चाहे जिस देश में भी क्यों न जाओ
जिस प्रान्त औ' जिस पीठ पर भी
क्यों न तुम निज पैर रक्खो,
और कोई सामने से क्यों न गुजरें,
तुम करो गुण-गान अपनी मातृभूमि भारत का
औ' करो रक्षा अपने जाति-गौरव की।

किस पूर्व पुण्य से, किस योग-बल से
जन्म तुमने लिया इस स्वर्ग-भुवि पर
जाने किन पुण्य पुष्पों से तुम ने स्नेह जोड़ा
कि तुम्हें कनक-गर्भ में माता ने पाया।
ऐसी भूदेवि तो कहीं नहीं रे!
हम जैसे धीर नहीं कहीं रे!

बढ़ेंगी जहाँ तक सूर्य की रश्मियाँ
नाचेंगी जहाँ तक नावों की झंडियाँ
वहाँ तक जो पृथ्वी फैली हुई है
उस में भारत-सी प्यारी भूमि नहीं है।

ऋषियों के पावन तप-धन से
धरणीशों के शौर्य-हार से
भक्त-रत्न-शुचि-राग-दुग्ध से
कवि-प्रभुओं के भाव-सूत्र से

दिक्कुल कॅग दन्नु तेजंबु वॅलुग
जगमुलन्नुगिंचु मगतनंबॅगय
रालु पूवुलु सेयु रागालु साग
सौंदर्य मॅग बोयु साहित्य मॉप्प
वेलिगिन्दीदिव्य विश्वंबु पुत्त !
दीपिंचॅ नी पुण्य देशंबु पुत्त ।
अवमान मेलरा अनुमान मेल
भरत पुत्तुड नंचु भक्तितो पलुक ॥

दिगन्त व्यापी प्रभा-दीप्ति से
पत्थर को पुष्प बना
सकनेवाले अमर गान से
अग-जग कम्पित करनेवाले
वीरों के पौरुष, प्रताप से
सौन्दर्यमयी साहित्य-विभव से
हे पुत्र ! तुम्हारा दिव्य विश्व चिर शोभित !
हे पुत्र ! तुम्हारा पुण्य देश नित दीपित ! !
"मैं भारत पुत्र हूँ" भक्ति युक्त कहने में
मानो क्यों अपमान ? क्यों शंका मन में ?

विरह वीथी

मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

हेम पालल चंदन मॅण्डिपोयॅ
द्वारमुलु मोयुचुन्नवि हारमुलनु
सानलंदिंकॅ स्नान कषाय गंध
मबल, ऍवनि कोसमु सगमयि कृशिंतु ॥

चॅक्कु चॅदरनि पापट चिक्कुवडियॅ
वेणिबंधमु शिथिलमै पिरुदुलंदॅ
करगि चॅरगिन तिलकरेखलनु तुडुव
वतिव, यॅवडाहरिंचॅ नी यार्द्र हृदिनि ॥

पालु पॉङ्गिन गति पॉङ्गु प्रणय रक्ति
नापुकॉनलेनि पडुचु प्रायंबु तोड
नम्मि, यॅवनिकि नी मन मम्मि कॉण्टि
वुविद, यी मेघ मास नवोदयमुल ॥

विरह वीथी

अनु: डॉ० चावलि सूर्यनारायण मूर्ति

हेम पात्र का सूख गया है चंदन ।
करते हैं अब द्वार हार-भार वहन ।
सूखा चकलों में स्नान सुगंधित चंदन ।
अबला! किसके हित हो जाती कृश तन ?

माँग पड़ी है उलझी तेरी सुंदर ।
छूटी वेणी लटक रही नितंब पर ।
गलित तिलक रेखाएँ पोंछ न लीं ।
तव आर्द्र हृदय आशा किसने हर ली ?

प्रणय राग जिस यौवन में जगता है
दूध समान व उद्दाम उफ़नता है ।
उसमें किस निर्मम पर विश्वास किया ?
पावस में अपना मन यों बेच लिया ?

प्रबोधमु

मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

अमरावती पट्टणमुन बौद्धुलु विश्व
विद्यालयमुलु स्थापिंचुनाडु
ओरुगल्लुन राजवीर लांछनमुग
वलु शस्त्र शाललु निलुपुनाडु
विद्यानगर राजवीथुल कवितकु
पॅण्डिल पंदिळ्ळु कप्पिचुनाडु
पॉट्नूरिकि समीपमुन नाँध्र साम्राज्य
दिग्जय स्तंभ मॅत्तिंचुनाडु
आंध्र संतति के महिताभिमान
दिव्य दीक्षा सुख स्फूर्ति तीवरिंचॅ
ना महावेश मर्थिंचि यांध्रुलार
चल्लुडांध्रलोकमुन नक्षतलु नेडु ॥

तन गीति यरवजातिनि पाटकुलनुगा
दिद्दि वर्धिल्लिन तॅनुगुवाणि
तन पोट्टुलु विरोधि तंडंबुलकु सहिं
पनिविगा मॅरसिन तॅनुगु कत्ति
तन यंदमुलु प्रांत जनुल कभिरुचि वा
सन नेर्प नलरिन तॅनुगुरेख
तन वेणिकलु वसुंधरनु सस्य श्याम
लनु जेय चॅलगिन तॅनुगु भूमि

प्रबोध

अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

अमरावती में बौद्ध विद्या पीठ की कर स्थापना
कर "ओरु गल्लु" में नृप चित शस्त्र-शाला स्थापना
विद्यानगर में आंध्र कवितोद्वाह-मंडप भी बना
पोट्नूरु समीप आंध्र दिग्जय स्तंभ की कर स्थापना
आंध्र संतति दीप्त थी जिस महिमाभिमानावेश से
औ दिव्य दीक्षा से तथा जिस स्फूर्ति विद्याभ्यास से
अब कामना कर आंध्र वर सुत! उस महित आवेश की।
अक्षत रखो तुम आंध्र भू के शीर्ष पर शुभ वेष की ॥

वह तॅनुगु गिरा जो तमिलों को गायक बना सोहती
वह तॅनुगु घन-असि चमककर जो रिपु-कंठ में सोहती
वह तॅनुगु रेखा सिखाती प्रांत-भर अभिरुचि-वासना
वे तॅनुगु नदियाँ शोभतीं जो सस्य भरिता भू बना
इस आर्द्र मानस-वीथियों में विचरती तो देख के
प्रति फलित करता स्मृति पटों में स्वाभिमानी लोक के
नहीं मर गया, नहिं मर गया, वह आंध्र उज्ज्वल चरित है
अब हृदय फाड़ उसे पढ़ो रे जो सदा रस भरित है ॥

अस्मयार्द्र मनो वीथि नावहिंप
ज्ञाप्ति कॅलयिंचु चुन्नाड, चावलेदु
चावलेदु आंध्रुल महोज्जवल चरित
हृदयमुलु चील्चि चदुवुडो सदयुलार ॥

कृष्णातरंग पंक्तिन् द्रॉक्कि लुळ्ळित
नांध्र नौकलु नाट्यमाडुनाडु
इंटिंट देशि साहित्य दीपमुलतो
नांध्र तेजस्सु रापापुनाडु
सुकुमार शिल्प वस्तु प्रपंचमुनंदु
नांध्र नैपुणि पंतमाडुनाडु
समर सेनाव्यूह जयपताकल क्रिंद
नांध्रपौरुषमु चॅण्डाडुनाडु

चूचि, संतोषमुन तलत्लूचि, गर्व
माचि, आंध्र पुत्री पुलुलंदगलरु
शांति, नंदाकलेदु विश्रांति मनकु
कंकण विसर्जनल किदि कालमगुनॅ ?

जब आंध्र नावें डोल कृष्णा वीचियों पर नाचतीं,
जब आंध्र तेजोराशि वाणी-दीप चूम विराजती,
जब रुचिर शिल्प कला-जगत में आंध्र-पटुता भ्राजती,
जब आंध्र शक्ति समरभूमि में जय गर्व से शोभती,
तब देख, हर्षित सिर हिलाकर आंध्र नर नारी यहाँ
सुख शांति पा सकते, तभी तक शांति मिल सकती कहाँ?
कंकण विसर्जन का नहीं यह समय आंध्रो! देख लो।
सुंदर भविष्य तव सर्वदा ही रहेगा, मान लो॥

अमलिन प्रेममु

मूल : श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव

चॅलिया ! ऍन्नडॉ चेरदीसॅ मनलं जिन्नारि नेस्तंबु, मु
ग्धुलमै युंट नॅरुंगमैति मपुडे घोषन् रवंतैन, कं
दळित स्निग्ध रसोदयंबगुट चेतं बिप्पुडल्लाडिया
कुलु मेयुन् बलवद्वियोगमु लनुंगु प्रेमलं द्रॅम्पगन् ॥

तन गुण लतलु पूचिन शोभलोयन
चिरु नव्वु वॅन्नॅलचॅण्ड्लु विसर
तन मनोलील कांचिन राग मधुवन
पलुकु कॉम्मलु पूलपालु पिदुक
तन भाव बंध मंदिन विभ्रमंबन
चूपुलु वलपुट्टुच्चलनु पन्न
तन प्रेम भावनल् गनु नूत्न कळलन
नडलु प्रायंपु मन्ननलु सूप

कनुल नरवालिच पातिताक्षमुलतोड
गांचियुनु गांचलेनि कीगंटि कॉसलु
पॅडल वालिकल् राल निल्चॅड्डु त्वदीय
मौग्ध्य मॅडबाय लेदु ना मदि लतांगि !

निर्मल प्रेम

अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

(श्री रायप्रोलु वेंकट सुब्बाराव के "तृणकंकण" नामक लधु काव्य से यह प्रसंग दिया गया है जिसमें प्रेमी और प्रेमिका के वासनातीत निर्मल प्रेम का वर्णन किया गया है। प्रेमी और प्रेमिका की बचपन की मित्रता अंत में प्रणय के रूप में परिणत होती है, जो दैवयोग से विफल होता है। किंतु प्रेमिका संयमशाला बनकर अपने प्रेम को उसी पुरानी मित्रता के रूप में परिवर्तित कर लेती है और प्रेमी से भी तदनुरूप मानने का अनुरोध करता है। उससे प्रेरित होकर प्रेमी उसके हाथ में तृण का कंकण बाँधता है।)

प्रेमी :—बाल्य नेह ने हमें मिलाया। मुग्ध हुए हम, छायी माया।
नहीं जानते थे तब कुछ भी। क्या था हृदयों का घोष सभी।
हुआ रसोदय स्निग्ध कंदलित। प्रेम पाश अब वियोग विदलित।
निरुत्साह होकर अब मानस। तृण खाता है सखि! जड़तावश॥

मंदहास ने फेंके शीतल। शुभ्र चंद्रिका गुच्छ मह़ीतल।
मानों मौग्ध्य सुगुण-लतिका ने दिये छटा-सुम हों जग भाने॥
सुस्वररूपी मंजरियों ने। सुम-पय दुहा अधर के कोने।
मानों मौग्ध्य मनोलीला का। हो सुराग-मधु, शिव प्रतिभा का॥
मधुर दृगों ने अपनी माया। दिखा मोह का जाल बिछाया।
मौग्ध्य-भाव-बंधन का विभ्रम। मानों फैला हो बन विक्रम॥
हंस गमन ने मान दिखाया। यौवन का जो मद का छाया।
मौग्ध्य प्रेम भावना की जनीं। हों मानों नवकलाएँ घनी॥
अर्धनिमीलित अधो विलोचन। करते सदैव जो प्रेमार्चन
देखकर भी नाहीं देखते। मनसिज सायक अपांग झुकते।
लेकर उन्हें त्वदीय मुग्धता। मम उर बसती भरे स्निग्धता॥

ना यनुगुं जॅली ! चॅलिमि नाटि चित्तमॅ याद्रै, मंदु ना
शायत रंजनंबयि प्रियॅबनर्थिचिन या दशल् कडुं
दीयमु लेमि चॅप्प ! विडदीसिन रेकुल पूवु चंदमै
पोयिन मैत्रि के गतुलु पो वलवंतलु दक्क नी भुविन् !

पॉरु पॅरुंगक ऑक कंचमुन भुजिंचि
मनसु नाटिन ममतल ननगि पॅनगि
वलचु जतलनु विडदीय दलचुनेनि
प्रेम नलयिंचु सृष्टि दैविकमु गादु ॥

नष्टमैनट्टि प्रेमखंडमुल कॉक्क
सुकवियक्षर जीव गीतिकय चालु नाकु
सकिय, विश्वास बाष्पमुल् चालु नाकु
लेदु वेरास प्रणय वल्लीमतल्लि "....

आमॅ —तगुनोई ? मित्रुडा नॅ
ञ्वगलन् दुरपिल्ल, प्रेमबंधमुलकटा
तॅगवोयी तॅग द्रॅम्पि
मिगुलग नित्तुरॅ मनंबु मिथ्याभ्रमलन् ॥

दैविकंबगु सुकृतिनि दक्क नवनि
जतल प्रेमोदयंबु संगतमु कादु
अंदु नस्खलित प्रणयानुरक्ति
चिर तपश्शुद्धि चे गानि दॉरक बोदु ॥

बॉन्दि नटिंचु प्राणि वलपुल् सुडियिंचिन वेळ निंद्रिया
ळिंदनियिंप कौतुक मत्तीमसमौ, नटबड्ड धर्मपुं
बंदमु लीड्चि यीड्चि अनपत्यमुखादिकमैन भूतर
क्ति दगुलूनि प्रेमरुचिकि न्वॅलियौट लॅरुगवो चॅली !

मन होकर आशायत रंजन । आर्द्र हुआ पाले प्रेम सघन ।
बनी वे अवस्थाएँ सुमधुर । जिन्होंने बढ़ाया प्रेमांकुर ।
पटल हीन सुमसम मैत्री की । प्रेम व्यथा ही गति धात्री की ॥

मिल जुल इक थाली में खाकर । स्नेह लता से जकड़े जाकर ।
जिन युगलों ने प्रीति बढ़ायी । उनपर विपदा किसने ढायी ?
प्रेम को सतानेवाली वह । सृष्टि न दैविक, देता हूँ कह ॥

हे सखि, ध्वस्त प्रेम-खंडों को । प्रेमावंध्य-शुष्क कांडों को
अक्षर-जीवंत गीत इक ही । अलम्, सुकवि ने यदि सरस कही ।
केवल विश्वासाश्रु चाहिए । प्रणयिनि ! मुझे न और चाहिए ॥

मित्र ! बिलखना ठीक नहीं है । यत्नों से टूटता नहीं है ।
प्रेमबंध जो पुष्ट सुदृढ़ है । भ्रम से घुलता दृढ़ मन-घन है ॥

बिन दैविक सत्कृति के जग में । प्रेमोदय होता न युगल में ।
फिर प्रणयानुरक्ति अविखंडित । बिन तपके होती न संघटित ॥

काया धरकर प्राणी साग्रह । इंद्रिय वश मोह में चला बह ।
चलता विषय लोल जो होकर । उस प्राणी का कौतुक कच्चर ।
नियत धर्म बंधन जो तजकर । निस्संतान रहे सुकर्म कर ।
भूत-प्रेम उसके मन मिलता । स्वाद प्रेम का उसे न मिलता ॥

चैत्रुतोवच्चु पल्लव समुदयबु
हिमवद्रागममुन नशियिंचिनट्लॅ
पङुचुदनमुतो जिगुरिंचु वलपुलॅल्ल
कळुकॅडलि कृशिंचुनु जराकांतदशल ॥

कलिसिनयंत मात्रमुन कादुसुमी चॅलि कारमंतरं
बुल नतुकंग जालिन अपूर्वपुलॅय्यॅ स्नेहमौ तद
स्खलित समस्त साधनमु ज्ञान विदग्धुल मार्ग सूत्र, मे
वलतियुनैन प्रेम परिपाकमु लिट्टुलॅ यन्वयिंचॅडिन् ॥

परम धर्मार्थमैन दांपत्य भक्ति
स्तन्य मोहनमैन वात्सल्य रक्ति
साक्षिमात्र सुंदरमैन सख्य सक्ति
पॉन्दु नाद्गिमगु प्रेमयंदॆ मुक्ति ॥

वलपुल पूलसॅल्लु बंदमुलेयग गुब्बजंट, नि
र्मलमगु वत्सलत्व मॅंदरागिल आवुल तल्लिबिड्ड ले
कलुषमु लेनि सत्प्रणय कांक्षलु मेळन जेय मित्रमुल्
मॅलगुदुरी रहस्यमॅ सुमी कनिपिंचॅडु सृष्टि यंदुनन् ॥

मनसुचे वाक्कुचेत कर्मबुचेत
कलुषितमुलु का दगिन वी वलपु लवनि ;
तपसुचे, तालिमचे, ध्यान धार चेत
लीनमै यैक्य मीय जालिनदि प्रेम ॥

शांतियु ब्रेमयुन्मधुरसंबुलु, पेशलराग लालित
स्वांतदळीपुटंबुलनु अध्यवि अस्खलितंबुलै मनुन्
अंतरमुल् पॅनंचिन प्रिय प्रणयंबुलु मायबोवु वि
भ्रांतियॅ काक प्रेम गलुपन् विड्दीय निमित्त साध्यमे ?

मधु दिवसों का पल्लव समुदय। वह पतझड़ में पाता क्षय।
प्रेमांकुर यौवन मोह जनित। निष्प्रभ होते जरा में कृशित ॥

देह मिलन स्नेह न कहलाता। स्नेह से हृदय-युग जुड़ जाता।
उसके साधन पुरुषाकर्षक। जो ज्ञानी के हैं पथ दर्शक।
इस विधि होकर असीम विदेह। सत्य प्रेम मधुर होता स्नेह ॥

धर्म युक्त दांपत्य भक्ति है। स्तन्य मधुर वात्सल्य रक्ति है।
सख्य सक्ति है साक्षात्सुंदर। इनका योग प्रेम के अंदर ॥

प्रेम पुष्प श्रृंखला बद्ध हो। सोहे कपोत युगल शुद्ध हो।
वत्सलता के मोती पोहे। धेनु वत्स सह अति ही सोहे।

अकलुष प्रणयाकांक्षासंयुत। मित्र रहेंगे नित ही अच्युत।
हे साथी! अद्भुत रहस्य यह। दिखता, सृष्टि में मुदावह ॥

मन वच कर्मों से बन कलुषित। मोह पाश इस जग में दर्शित।
ध्यान, सहन, तप से प्रीति सदा। विलसती एकता रत सुखदा ॥

शांति और प्रियता हैं मधुरस। राग हृदय दल संपुट में बस।
वे जीते हैं अच्युत अमलिन। मिलन वियोग क्षणों में प्रतिदिन ॥

काममु लेनि मेळन सुखंबुन ग्रालु लतासुमंबुला
राममुलंदुनुंडियु परस्परमुन्विडनाड ; वॅट्टु ली
प्रेम तपः फलंबुनु लविंप दॅगिंचितिविप्पुडो चॅली !
एमिटि की चिर प्रणय वृंत निकृंतन पाप कर्ममुल् ?....

वलपुलॅ रहस्यमुलु, तद्विफलदशलु नि
गूढमुलुनु तदर्थमुलुनु गोप्यमुलु
विदग्धुल कनुभवैकवेद्यंबुलिवियॅ
एल मालु गर्भ विमर्श यिपुड्डु सखुड !

कनुल नॉण्डॉरुलनु जूचुकॉनुटकन्न
मनसु लन्योन्य रंजनल् गॉनुट कन्न
कॉसरि 'येमोयि' यनि पिलुचुकॉनुटकन्न
चॅलुल किलमीद नेमि कावलयु सखुड ?

भावबंधंबुगा मणिबंधमंदु
तॉलुत गट्टिटति वी पट्टुतोरमीवु
विप्पॅदवॅ यिप्पु डनुचु जूपिंचि कनुल
नश्रुवुलु निंड बलुकलेदय्यॅ नामॅ ।।

निलिचिरि कॉण्डकवडिनि
ट्टुल नायिरुवुरुनु बॅनवडुंदमि पिद्पन्
जॅलिय करंबुन तोरमु
वॅलिवरिचॅ नतंडु मनमु वॅडलिंप वॅतन् ।।

काम-विरहित मिलन-सुख पाकर । लता द्रुम वनों लसें निरंतर ।
कैसे तुम हर्षित हो लवकर । प्रेम तपः फल प्रणयी होकर ?
कैसे उद्यत करने कर्तन । प्रेमतपः फल तुम प्रणय-सुमन ?
करो क्यों प्रणय-वृंत निकृंतन ? पाप कृत्य छोड़ो ज्ञानी बन ॥

प्रीति सर्वदा रहस्य होती । तद्विफल दशा निगूढ़ होती ।
गुप्त अर्थ उसका है होता । अनुभव वेद्य विज्ञ को होता ।
हे साथी ! क्यों करते हो यह जननी गर्भ विवेचन दुस्सह ?

एक दूसरे के दर्शन से । पारस्परिक मनोरंजन से ।
अन्योन्य 'अजी' संबोधन से । बद्ध मित्र चाहते क्या मन से ?

कौशेय सूत्र बाँधा तुमने । मम मृदुल कलाई में लसने ।
भाव-बंध सा है उस दिन से । खोलो अब यह निश्चित मन से ।
आगे बोल सकी न, चुप रही । अश्रु नदी थी सरस बह रही ॥

दोनों इस विधि खड़े रह गये । प्रेम श्रृंखला बद्ध बन गये ।
सूत्र बंध फिर प्रिय ने खोला । या अपना च्युत मानस खोला ॥

चॅन्त लवंग वल्लिकलचे कडलह्लि किशोरशाद्वला
क्रांतमुलैन पादुलकु गट्टॅडु चल्लनि नीरु वारुकु
ल्यांतमुलन् पॅरुंगु तरुणार्द्रतृणांकुर पाळि गिल्लि आ
कांतुडु विंतयैन यॉक कंकणमुन् रचियिंचॅ निंपुगन् ॥

नवकमॅडवोनि तृणकंकणमुनु केल
नंदुकॉनि यामॅ पयि नयनांचलमुलु
मरलिचि "सकिय! मनप्रेम मधुरलांछ
नंबिदियॅ सुम्मि" यनुचु हस्तंबु दॉडिगॅ ॥

ई तृणकंकणंबु भरियिंतुमु नी मणि बंधमंदु सं
प्रीतिनि अप्पुडप्पुडु वलपिंपुल नॅय्यमु ज्ञप्तिगॉन्न प्रा
भातिक वेळ नी प्रणय बाष्पजलांजलि नितयिच्चि ये
रीतिनि वाडकुंड नलरिंपु मिदे तुदि वांछ नॅच्चॅली!

अनुचु मोगमावलकु द्रिप्पॅ तरुणकिरणु
डाश मार्चिन यट्टु ला यमृतवतियु
प्रेलि वलपुटुंगरमुनु वॅडलदीसि
प्रिय सखुनि हस्तमु नलंकरिंचु चनियॅ ॥

"वलपु नशियिंचिन प्रेम निलुव गलद
येनि कलनैन कलुषमु गानि स्नेह
मृदु मधुरसानुभूतिनि बॉदलि मनमु
नीडलट्टुल नैक्यमॅद्दमु गात!

अपुडदृष्ट देवत करमल्ल साचि
ललितमुग जल्लु नमृताक्षतल विधान
वकुळ सुकुमार तरु मतल्लिकलनुंडि
जलजल बूलुरालॅ नाजंट मीद ॥

समीप दूर्वायुत थालों के। शीतल-जल की कुल्याओं के
मृदुल तरुण तृण तब कर में धर। लता लवंगी से लपेटकर।
प्रेमी ने अति अद्भुत कंकण। प्रेम का बनाया शुभलांछन।

हाथ लिए वह पावन कंकण। विवश गड़ा सुदती पर वीक्षण
कर में पहनाकर तब साजन। बोला, "यही प्रेम का बंधन ॥

तुम मानो न इसे साधारण। मणिबंध में करो सखि! धारण।
जब प्रभात में हो प्रेम स्मरण। तब इसको दो प्रणय-भाष्प कण।
देखो! यह न कभी कुम्हलाये। यह अंतिम इच्छा फल पाये ॥

बोलते मुड़ा उसका आनन। ज्यों हो तरणि दिशा परिवर्तन।
अमृतवती बोली प्रिय के कर। अपनी अंगूठी पहना कर।

"नसे मोह जो है नित अस्थिर। प्रेम का रहे यदि मूल्य अमर।
सर्वकाल इस स्नेह से ग्रथित। मधुर सहानुभूति से प्रमुदित।
मिल जुलकर हम रहें परस्पर। छाया-देह समान निरंतर ॥

वकुल तरु से सुवासित सुंदर। वर्षित सुम मृदुता से उनपर।
हैं मानों अमृताक्षत बिखरे। भाग्यदेवता के कृपा-भरे ॥

वांछलु

मूलः श्री शिवशंकर स्वामी

1. अहहा ! अनंत विपुलाशल जिक्कि जिक्कि
बहुकालमीयॅडद् बाधलु चॅन्दॅ नाथा !
सहियिंप लेक बहु साधन चेसि आशा
गहनांतरंबु विडगलूगिति नेटिकॅद्‌लो ॥

2. इपुडी मनस्सुनकु नॅन्तयु शांति युष्मत्
कृपचेत संघटिलॅ ! ईतनि चित्तवृत्तुल्
विपरीत मार्गमुल वॅन्ट परिभ्रमिंप
कपुडुन् भवच्चरितमॅ स्पृशियिंचु देवा !

3. सकलंबु नी चरण सन्निधियंदु नाथा !
प्रकटम्मुगा विडिचि, बाध्यत द्रोसि पुच्चन्
अकलंक मय्यॅ मनसाशलु वीडॅ वांछा
लिक मात्रमॅन्नटिकि देव तॉलंग कुंडुन् ॥

4. कानेति गायकुड कर्मवशंबुचे वाक्
स्थानंबु मंदुनकु तावलमय्यॅ ; ऐनन्
नेनॅल्लवेळलनु निंडु मनम्मु तोडन्
नी नाम वर्णमुलने जपियिंतु नाथा !

5. पालिंचु देवत नुपासन चेयमिन् वा
ङ्मालिन्यमय्यॅ, अणु मात्रमुवीडदैनन्
गालिंचि शब्दमुलु काव्यमुलल्लुदुन्नी
लीला कथामृत विलीन मनंबु तोडन् ॥

अभिलाषाएँ

अनु: श्री रापर्ति सूर्यनारायण

1. नाथ! हृदय को अंत हीन चल आशाओं ने
जकड़ा तो बहु काल सताया बाधाओं ने।
मैंने स्थिर साधना की, उन्हें जब सह न सका
गहनाशा-कांतार किसी विधि मैं छोड़ सका ॥

2. इस मन ने है भवत्कृपा से प्रशांति पायी।
इस जन की है चित्तवृत्ति पावन हो पायी।
परिभ्रमण विपरीत पथों में चित्त न करके
देव! सदा तव चरित छुएगा पद गा करके ॥

3. हे ईश्वर! सर्वस्व तव पदों में अर्पण कर
सकल बाध्यता रहित हुआ मन पवित्र होकर
अब इस मन ने विविध दुराशाओं को छोड़ा।
पर वांछा-त्रिक तो न जायगा उससे छोड़ा ॥

4. गायक तो मैं नहीं हुआ नाथ! कहूँ क्या?
दुर्विधि से वाक्स्थान मंद को मिला, करूँ क्या?
फिर भी मैं सब समय विबुध हो सुधा भरूँगा।
त्वन्नामाक्षर स्वांत शुद्ध कर जपा करूँगा ॥

5. विश्वं भर पूजा न हुई थी, कलुषित भाषा।
पर छूटी अणु मात्र न मेरी यह अभिलाषा।
ढूँढ़ ढूँढ़ कर शब्द काव्य रचना कर पाऊँ।
त्वल्लीला-सत्कथा लीन मन हो सुख पाऊँ ॥

6. नार्कन्नगा दगिन नैपुणि चित्रविद्यन्
स्तोकम्मु कानि मृदुतूलिकलो लिखिंवुन्
लोकैक नायक! विलोकन पर्वमैन्
नी कम्र मंगळ विनील शरीर शोभन् ॥

---

6. मेरी है निपुणता अल्प वर चित्र-कला में ।
सकल लोक परिपाल! रंग भर सुतूलिका में
तावक मंगल कम्र-नील तन की सुंदरता
मृदुल कल्पना पूर्ण खींच लूँ प्रियता भरता ॥

संदर्शनमु

मूलः श्री शिवशंकर स्वामी

1. निनु गनिन यंतनॅ निखिल लोक गंभीरता
मनोज्ञ महिताभयॅ मद्किकि दोचु सीमंतिनी !
जनिंचु वॅनु वॅण्टने चकित लोचनांतोल्लस
द्विनम्रत घनम्मुगा विमलभाव संश्लिष्टमै ॥

2. चिरम्मुग मॅलंगु ना स्मृति पथम्मुनन् सम्मद
प्ररोह मुधुरम्मुगा भवदमोघ भूरिप्रभा
परीवृत शरीरमुन् परमपांडु कौशेयमुन्
करेणु वर यानमुन् कटककंकणारावमुन् ॥

3. प्रभाव सरसीरुह प्रतिभट प्रभावोल्लसत्
स्वभाव रमणीयमौ वदन बिंब मी प्रॉद्दुनन्
शुभांगि ! युदयिंपगा सुहृदमामकांतर्य्यथा
विभावरि रयम्मुनन् वॅडलॅ नेत्रमार्गम्मुनन् ॥

संदर्शन

अनुः श्री रापर्ति सूर्यनारायण

1. हे सीमंतिनि ! तुम्हें देखकर मानस भू अति भाती है ।
सर्वलोक गंभीरता तथा महिताभा सरसाती है ।
साथ उल्लसद्विनम्रता भी चकित नयन के कोनों की
विमल भाव-संश्लिष्ट हुए तब जगती है रस खानों की ॥

2. तावक भूरि विभा परिवृत तन विपुल क्षौम अति सुंदर था ।
मद दंतावल यान तथा ही कंकण का अति मृदु सुर था ।
मेरी स्मृति के अनंत पथ में ले सम्मदयुत सुमधुरता
करते हैं संचार निरंतर दिखा नर्तकीय चतुरता ॥

3. वदन बिंब कल्यांबुज प्रतिभट, प्रकृति सिद्ध सुंदरता से
सप्रभाव हो ! हे शुभ तन ! जब उदित हुआ तो ममता से
मेरे उर की सुस्थिर पीड़ा रूपी निशीथिनी भागी
जलद नयन के तरल मार्ग से आभा फैली मन रागी ।

विभ्रमंमु

मूल : श्री शिवशंकर स्वामी

देवि ! ई नेत्रमुलकु याहच्छिकमुग
त्वन्मनोहर रूप संदर्शनाभि
सिद्धि कै यॅन्नि सार्लु निर्लुचितिनो तॅलिय
दहह ! वातायनम्मुल कभिमुखमुग ॥

विमल कमनीय वदनारविंद मधुर
वीक्षण क्षण रक्ति देवि ! तुवदीय
सौध सविधम्मुनकु नॅन्नि सार्लु तीर्थ
यात्र सलिपितिनो दॅल्प नलवि कादु ॥

अमल संजीव नौषधंबौ त्वदीय
शांत रम्य कृपाकटाक्षम्मु कॉरकु
चॅलगि हर्म्यमुनकु प्रदक्षिणमुलॅन्नि
चेसिनाडनो लेक्किंचि चॅप्पलेनु ॥

हृदय भार घनध्वांत विदलनाच्छ
चंद्रिका कांति पूर युष्मन्मनोज्ञ
दिव्य दरशनमुनकु मंदिरमु लोनि
कॅन्नि सारुलु वच्चिचति नॅरुक लेदु ॥

विभ्रम

अनु : श्री रापर्ति सूर्यनारायण

तावक मनोज्ञ-रूप-सुमन के संदर्शन की
इन नयनों को सिद्धि मिलाने योग्यार्चन की
अभिमुख हो मैं अहो! खड़ा था वातायन के
ज्ञात न कितनी बार खोलकर द्वार नयन के ॥

तेरे सुविमल कमनीय वदन मृदु पंकज का
लेकर मधुर विलोकन क्षणिक राग हृत्पंकज का
मैंने यात्रा की है तेरे सौध सदन की
कितनी बार न बता सकूँ, गति विचित्र मन की ॥

उत्सुक मैं तव शांत कृपा वीक्षण पाने का
जो संजीवन अमल प्रेम जीवन देने का ।
मैंने इसके हेतु, सौध की परिक्रमाएँ
कीं कितनी ही अगणित, इसको कौन बताए ?

स्वच्छ चंद्रिका कांति पूर्ण दरहास तुम्हारा ।
हृद्गत भार तमिस्र हर सुधाकलश हमारा
मैं तत्प्राप्ति निमित्त ही भवद् गृह में आया ।
अगणित बार सुधा का सुमधुर जीवन पाया ॥

उपहारमु

मूल : श्री पिंगळि-काटूरि (कविद्वय)

पॉट मरिंचु मुन्न पुणिकिति नॉक कॉन्नि
कसट्टुवाय नट्टि पसरुमॉग्ग
लरसगम्मु विच्चि, यरविच्चि, नॅरिविच्च
नट्टि पूलु पुणिकि यंदु निंदु
ई पूदंड ग्रुत्तुननि यॅप्डु तॉडगितिनो
अति प्रयत्नापचितम्मु ला सुमम्मु
लन्नियु विस्मृतयत्प्रपंच धूळी
परमाणु कोट्टुल विलीनमुलै
पॉड मासिपोयॅनो, चेपर्डे नेटि की सुमम्मु
चेकॉनि चेतु पुनः प्रयत्नमुल् ॥

ऑक्कॉक सुमम्मॅ एर्चि, नीकुपद सेय
गुणमुकॉन नल्ल नल्लन ग्रुच्चुचुंड
पूर्व पूर्व ग्रथित मैन पूलुरालि
मॉदलु कन्पिंचदी स्रजम्मुनकु नाथ !

पूलु रालु गाक पॉलिवोक तुदमॉदल्
निलुचु सूत्रमैन ने ग्रहिंचि
पूलु रालिनट्टि मालिकतॅत्तुना,
साक्षिगाग ना प्रयत्नमुलकु ॥

उपहार

अनु: श्री हनुमच्छास्त्री अयाचित

विकसित होने से पूर्व कुछ नन्हीं-नन्हीं कलियाँ चुन कर
तोड़ लिया ऐसे मैंने अर्धविकसित पुष्पों को ले कर।
जाने कब से यह सुंदर हार बनाना आरम्भ किया
कितने यत्नों सेफूलों को चुनकर अपने हाथ लिया
फिर भी ये प्रसून धरा के किनकिन धूलिकणों में लीन
होकर खो बैठे निज तत्त्व, नियति नटी के चरणाधीन ॥
आज मेरे कर में यह प्रेमिल एक मात्र लतांत आया
इसे पुनः लेकर हार अभी गूंथूँगा मैं मन भाया ॥

तुम्हें भेट करने के मिस मैं गुणसूत्र में, हे प्रियवर!
धीरे-धीरे गूंथ रहा था, मधु सुमनों को चुन-चुन कर
पूर्व पूर्व में गुंथे हुए फूलों के यों जाने से झड़
माला का आरम्भ है कहाँ, पता नहीं चलता है झट ॥

कोई बात नहीं यदि ऐसे झड़ जाते हैं फूल यहाँ,
आदि अन्त में लगे सूत्र को ग्रहण कर ले चलूँ वहाँ,
पुष्प विहीन माला ले कर होने दो जीवन क्रियमाण
कम से कम मिल ही जायेगा मेरे यतनों का प्रमाण ॥

इंत तोट नाटियिच्चि पोयिन मन्म
थाति मन्मथुनकु नकट, पुष्प
शून्य सूत्र मॅट्लु सूडिद गाविंतु
रस विहीनुलगु विरक्तु लट्लु !

प्रति तरुवुन् व्रतिव्रतति पल्लव तोरण
गट्टि, तोटलो कुतुकमु मीर पूसरुलु
मुच्चि यिट्टुल् निनु वेचियुड
ना यतनमुलॅल्ल मानि तुदकंतयु
मालिक सेयुवॉण्टॆ ने क्षितिरुह मैन गानयिति
चॅल्लॅर, तीवयु काक पोयितिन् :

कन्नुल वॅन्नॅलैन निनु कन्गॉन गल्गिग
सुधाप्रपूरमौ तिन्ननि नी यॅलुगु विनि
तेपकु ने निनु बल्करिंचु भाग्योन्नति
कल्गुनाडयिन नो प्रिय, नीयॅद व्रालि
नी गळम्मु न्नव पुष्प मालनयि
पूनक मानुदुना मनोधवा !

उपवन-दाता वह मेरे प्रिय, नवमन्मथाकार सुकुमार ।
कैसे दिया जा सकता—उसको पुष्प शून्य सूत्र उपहार ?
अवांछित अरसिक कोई जन ही कर पायेगा यह कार्य,
मैं तो सहृदय रहा, नहीं कर सकता अनुचित कार्य अनार्य ॥

हर बिरवा हर लता-बेल का बनकर सुन्दर बन्दनवार,
लगा प्रतीक्षा में, कौतुक से गूँथ रहा पुष्पों के हार
पुष्प मालिका में रूपांतरित करने को सारा जीवन
छोड़ न सका अपने यत्न, हा! मैं न बना तरुवर या बेल!

नयनों के हित मधुर चाँदनी जैसी प्रतिमा लख कर,
सुधा प्रपूरित मधुर ऋजु वाणी सुनकर
जिस दिन प्रेमालाप हेतु योग मिलेगा
झुक कर वक्षःस्थल पर तेरे गले में प्रियवर!
नवल पुष्पमाला सा शोभित हूँगा आकर ॥

रसालमु

मूल: श्री पिंगळि - काटूरि

1. काल वशमुनन् विसरु गाड्पुलकुन् मुदुराकु पुट्टमुल्
रालग बाटसारुल परामरिसिंपग लेक संपदल्
दूलिन दातवोलॅ जिगि दूलिन यी यॅलमावि गुन्न या
